राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने महान स्वतंत्रता–सेनानी नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

पटना, 23 जनवरी 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने आज गाँधी मैदान, पटना के समीप स्थापित महान स्वतंत्रता–सेनानी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर उनकी जयन्ती के अवसर पर माल्यार्पण किया एवं अपनी श्रद्धा निवेदित की।

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती के अवसर पर आयोजित उक्त राजकीय समारोह में माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने भी नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने वालों में माननीय पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव एवं माननीय उद्योग मंत्री श्री श्याम रजक आदि प्रमुख थे।

राज्यपाल श्री चौहान ने नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर आयोजित इस राजकीय समारोह में एन॰सी॰सी॰ कैडेट, स्काऊट गाईड तथा पुलिस परेड का निरीक्षण भी किया।

समारोह में कई जन–प्रतिनिधिगण सामाजिक–राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारियों/प्रतिनिधियों, वरीय प्रशासनिक अधिकारियों, गणमान्यजन आदि ने भी नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

कार्यक्रम में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन तथा देशभक्तिपूर्ण गीतों के गायन–कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गये।

....